समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेसेंक्स मे 100 अंकों की उछाल, United Spirits के शेयर 5% गिरे।

Publisher Published on 11 Jun 2025



## एशियाई बाजारों की मजबूती और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की उम्मीदों ने भारतीय निवेशकों को उत्साहित किया ; रिलायंस, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा टॉप गेनर रहे।

**मुंबई :** बुधवार को शेयर बाजार ने हरे निशान पर दमदार शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 100 अंकों से अधिक की उछाल देखने को मिली, वहीं निफ्टी भी 25,100 के पार बना रहा। हालांकि, **United Spirits** के शेयरों में **5%** तक की गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों को झटका लगा।

बुधवार को बाजार खुलते ही लगभग **सुबह 9:15 बजे सेसेंक्स 80** अंक ऊपर चढ़ा और फिर **9:30 बजे 104.24 अंक** उछलकर **82,495.96** के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, **निफ्टी 50 ने भी 36.70 अंक** की बढ़त के साथ **25,140.95** का स्तर छू लिया।

### एशियाई बाजार से मिले पॉजिटिव संकेत

एशियाई शेयर बाजारों में तेजी का असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिला। **निक्केई 0.45%, स्ट्रेट टाइम्स 0.42%, ताइवान इंडेक्स 0.45%, हैगंसेग 0.91%,** और **कोस्पी 0.66%** की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। साथ ही अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता के संकेतों ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया।

### United Spirits मे बड़ी गिरावट

जहां एक ओर **सेसेंक्स** और **निफ्टी** में बढ़त देखी गई, वहीं **United Spirits** के शेयरों में **5%** की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के कमजोर तिमाही परिणाम और बिक्री में सुस्ती के चलते निवेशकों में नकारात्मकता देखी गई।

कौन से शेयर रहे फायदे में?

**रिलायंस इंडस्ट्रीज : 1.54% की तेजी**
**महिन्द्रा एंड महिन्द्रा : 1.19% की उछाल**
**Eternal Limited: 0.65% बढ़त**
**आईसीआईसीआई बैकं : 0.37% ऊपर**
**एनटीपीसी : 0.28% की मजबूती**

घाटे में रहने वाले शेयर

**कोटक महिंद्रा बैकं : 0.80% की गिरावट**
**बजाज फाइनेसं : 0.66% की गिरावट**
**बजाज फिनसर्व: 0.55% नीचे**

**पिछले दिन की स्थिति**

मंगलवार को बाजार थोड़ा कमजोर रहा था। **सेसेंक्स 53.49 अंक** गिरकर **82,391.72** पर बंद हुआ था, वहीं **निफ्टी 25,104** पर सपाट बंद हुआ।

**Religare Broking Ltd.** के **वाइस प्रेसिडेटं (रिसर्च) अजीत मिश्रा** ने कहा, "मिश्रित वैश्विक संकेतों के चलते निवेशक सतर्क दिखे और प्रमुख कंपनियों के स्टॉक्स में मिले-जुले रुझान देखने को मिले।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.